ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

सहारनपुर मंगलवार 1 दिसम्बर 2024 संस्करणः वर्ष 16 अंक 41 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

15 साल पहले लापता को परिवार से मिलाया

सरसावा। सहारनपुर से करीब 15 साल पहले लापता हुए दिमाग से कमजोर एक व्यक्ति का सहारा बनी मुंबई की एक संस्था श्रद्धा फाउंडेशन।संस्था के सोशल वर्करों ने उसे सरसावा पुलिस की मदद से परि. जनों से मिलाया।परिजनो को देख काशीराम की आंखों से छलक पड़े आंसू।

थाना सरसावा क्षेत्र के यमुना नदी के समीप बसे गांव बहलोलपुर झरौली निवासी करीब 55 वर्षीय काशीराम की दिमागी हालत कमजोर होने के कारण वह करीब 15 साल पहले घर से अचानक कहीं चला गया था। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया था। आज शनिवार सुबह करीब 8:30 सरसावा पुलिस की मदद से मुंबई के बोरिवली में स्थित संस्था श्रद्धा फाउंडेशन की मदद से उसे परि. जनों से मिलवाया तो उसे देखकर उसके दो भाई कश्मीरा व इन्द्र भतीजा दीपक की आंखें छलक आई।

मुंबई की श्रद्धा फाउंडेशन संस्था से जुडे सोशल वर्कर शकील अहमद ने जानकारी देते बताया कि मुंबई में बोरवली में श्रद्धा फाउंडेशन नाम की संस्था आन्ध्र प्रदेश विशाखापत्तनम संस्था ने करीब डेढ़ माह पहले इस मानसिक रोगी को हमें सौंपा था। जिसका संस्था के संस्थापक डा भरत बड़वानी ने इसका ईलाज किया स्थिति में कुछ सुधार आने पर इसने अपना नाम पता जनपद सहारनपुर के थाना सरसावा क्षेत्र में गांव बहलोलपुर झरौली निवासी 55 वर्षीय काशीराम पुत्र रामसुख बताते हुए अपने दो भाइयों के नाम कश्मीरा और इन्द्र बताया तब संस्था द्वारा गूगल के माध्यम से जनपद सहारनपुर के थाना सरसावा का सीयूजी नंबर खोज कर थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा से संपर्क कर थाना प्रभारी को पूरे मामले से अवगत कराते हुए गांव में काशीराम के परिवारजनों का पता लगाने का आग्रह किया जिस पर थाना प्रभारी ने भी बिछड़े को उसके परिवारजनों से मिलाने में अहम भूमिका निभाते सहयोग करते इसके पते आदि की तमाम जानकारी उन्हें उपलब्ध कराई जानकारी मिलने पर हम उसे यहां पर थाना में अपने साथ लाए। जहां पुलिस द्वारा काशीराम के परिजनों को फोन के माध्यम से सूचना दी।